भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

आयुष भवन, बी- ब्लॉक,

जीपीओ कॉम्प्लेक्स, आईएनए, नई दिल्ली-110023

दिनांक:28/09/2026

**रिक्ति परिपत्र**

**विषय:- भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी भेषजसंहिता आयोग (पीसीआईएम एंड एच), गाजियाबाद (सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'क', राजपत्रित, गैर-मंत्रालयी), में वेतन मैट्रिक्स ₹1,44,200-2,18,200/- (स्तर-14) में निदेशक के एक (01) पद पर अल्पावधि संविदा सहित प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भर्ती।**

भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी भेषजसंहिता आयोग (पीसीआईएम एंड एच), गाजियाबाद (सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'क', राजपत्रित, गैर-मंत्रालयी), में वेतन मैट्रिक्स ₹1,44,200-2,18,200/- (स्तर-14) में निदेशक के एक (01) पद पर अल्पावधि संविदा सहित प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भर्ती हेतु आवेदन संलग्न प्रपत्र में आमंत्रित किए जाते हैं।

**पात्रता**

**प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि संविदा सहित) के लिए:**

केंद्र सरकार या राज्य सरकारों या संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासनों या सांविधिक निकायों या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या स्वायत्त निकायों या विश्वविद्यालयों या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों के अधीन अधिकारी:

(क) (i) जो मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर समतुल्य पद धारण करते हों; या

(ii) जिन्होंने मूल संवर्ग या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के वेतन स्तर-13ए (₹1,31,100-2,16,600) के पदों पर दो वर्ष की नियमित सेवा की हो; या

(iii) जिन्होंने मूल संवर्ग या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के वेतन स्तर-13 (₹1,23,100-2,15,900) के पदों पर तीन वर्ष की नियमित सेवा की हो; और

(ख) जो निम्नलिखित शैक्षणिक योग्यताएं और अनुभव रखते हों:

**अनिवार्य:**

(क) (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से रसायन विज्ञान या कार्बनिक रसायन विज्ञान या अकार्बनिक रसायन विज्ञान या औषधीय रसायन विज्ञान या वनस्पति विज्ञान या औषधज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री; या

(ii) संबंधित विषय में डॉक्टरेट की डिग्री; और

(iii) प्रकाशित भेषजसंहितीय कार्य या समकक्ष समीक्षा वाली पत्रिकाओं में अनुसंधान कार्य या पुस्तकों में अध्याय या प्रदान किए गए अथवा दायर किए गए पेटेंट का अभिलेख; और

(iv) स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त करने के बाद (क) भेषजसंहितीय कार्य या (ख) गुणवत्ता नियंत्रण और मानकीकरण या (ग) औषधि परीक्षण या (घ) भारतीय चिकित्सा पद्धतियों और/या होम्योपैथी की औषधियों अथवा औषधीय पौधों से संबंधित अनुसंधान में 20 वर्ष का अनुभव।

**या**

(ख) (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से रसशास्त्र एवं भैषज्य कल्पना या रसशास्त्र या भैषज्य कल्पना या द्रव्यगुण में एम.डी. (आयुर्वेद) अथवा एम.डी. (सिद्ध) अथवा एम.डी. (यूनानी) अथवा एम.डी. (होम्योपैथी); और

(ii) भारतीय चिकित्सा पद्धति के चिकित्सकों की प्रैक्टिस एवं पंजीकरण को विनियमित करने के लिए, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2020 (2020 का 14) की धारा 32 के अधीन भारतीय चिकित्सा पद्धति के लिए नैतिकता एवं पंजीकरण बोर्ड द्वारा अनुरक्षित राष्ट्रीय चिकित्सा रजिस्टर में अथवा किसी राज्य या संघ राज्य क्षेत्र में तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन गठित भारतीय चिकित्सा पद्धति की राज्य चिकित्सा परिषद में नामांकित हो; या

होम्योपैथी के चिकित्सकों की प्रैक्टिस एवं पंजीकरण को विनियमित करने के लिए, होम्योपैथी अधिनियम, 2020 (2020 का 15) की धारा 32 के अधीन होम्योपैथी के लिए नैतिकता एवं पंजीकरण बोर्ड द्वारा अनुरक्षित राष्ट्रीय चिकित्सा रजिस्टर में अथवा किसी राज्य या संघ राज्य क्षेत्र में तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन गठित होम्योपैथी की राज्य चिकित्सा परिषद में नामांकित हो;

**और**

(iii) प्रकाशित भेषजसंहितीय कार्य अथवा समकक्ष समीक्षा वाली पत्रिकाओं में अनुसंधान कार्य अथवा पुस्तकों में अध्याय अथवा प्रदान किए गए या दायर किए गए पेटेंट का अभिलेख;

**और**

(iv) (क) भेषजसंहितीय कार्य अथवा (ख) गुणवत्ता नियंत्रण एवं मानकीकरण अथवा (ग) औषधि परीक्षण अथवा (घ) भारतीय चिकित्सा पद्धतियों और/या होम्योपैथी की औषधियों अथवा औषधीय पौधों से संबंधित अनुसंधान में 20 वर्ष का अनुभव।

**वांछनीय:**

(i) किसी विभाग या मान्यता प्राप्त वैज्ञानिक संस्थान या प्रयोगशाला के प्रमुख के रूप में प्रशासन एवं वित्त का अनुभव अथवा जीएमपी के अनुरूप भारतीय चिकित्सा पद्धतियों और/या होम्योपैथी की औषधि उद्योग में अनुभव;

(ii) किसी भेषजसंहिता या आयुर्वेद या सिद्ध या यूनानी या होम्योपैथी गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला के विभिन्न अनुभागों की गतिविधियों के समन्वय का अनुभव; या

(iii) विशेषज्ञता के क्षेत्र में अनुसंधान के मार्गदर्शन या निर्देशन का अनुभव।

**टिप्पणी 1:-** प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसमें भारत सरकार के उसी अथवा किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य संवर्ग-बाह्य पद पर की गई प्रतिनियुक्ति की अवधि भी सम्मिलित है, सामान्यतः पाँच वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**टिप्पणी 2:-** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को 58 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

चयनित अधिकारी के वेतन तथा अन्य सेवा की शर्तें भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अनुसार विनियमित होंगी।

**निदेशक, पीसीआईएम एंड एच के पद से संबंधित कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों की सूची**

1. 'निदेशक' संस्थान के समुचित प्रशासन एवं वित्तीय मामलों के लिए समग्र रूप से उत्तरदायी होंगे।
2. 'निदेशक' संस्थान में अनुशासन बनाए रखने के लिए मुख्य वैज्ञानिक एवं कार्यकारी अधिकारी होंगे।
3. 'निदेशक' विभागाध्यक्ष होंगे तथा 'सामान्य वित्तीय नियमावली' और केंद्रीय सचिवालय कार्यालय प्रक्रिया नियमावली में यथा निर्धारित सभी ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेंगे तथा समय-समय पर यथासंशोधित भारत सरकार के वर्तमान दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य करेंगे।
4. 'निदेशक' के पास ऐसे कार्यकारी और प्रशासनिक अधिकार होंगे तथा वे ऐसे अन्य कर्तव्यों का पालन करेंगे, जो समय-समय पर 'मंत्रालय' द्वारा प्रत्यायोजित या सौंपे गए हों तथा इस प्रयोजन के लिए आवश्यक या आनुषंगिक हों।
5. 'निदेशक' अभिलेखों तथा ऐसी संपत्ति के अभिरक्षक होंगे, जिसे 'केंद्र सरकार' उनके प्रभार में सौंपे।
6. 'समितियों' के सदस्यों के चयन की प्रक्रिया 'निदेशक' द्वारा शुरू की जाएगी, जो निम्नलिखित का ध्यान रखेंगे:
   (क) लोक सेवा, शैक्षणिक एवं अनुसंधान गतिविधियों तथा उद्योग में सदस्यों के बीच संतुलन;
   (ख) देश के विभिन्न भागों का प्रतिनिधित्व।
7. 'निदेशक' इन नियमों के अनुसार तथा/या 'केंद्र सरकार' द्वारा नामित/अधिसूचित पदों पर पदेन सदस्य/सदस्य-सचिव के रूप में कार्य करेंगे।

पात्र एवं इच्छुक व्यक्ति संलग्न प्रारूप में अपना आवेदन उचित माध्यम से अधोहस्ताक्षरी **(अवर सचिव, आयुष मंत्रालय, आयुष भवन, बी-ब्लॉक, जी.पी.ओ. कॉम्प्लेक्स, आई.एन.ए., नई दिल्ली-110023)** को भेज सकते हैं। आवेदन के साथ **(i) पिछले पाँच वर्षों की एसीआर (वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट) की (प्रत्येक पृष्ठ पर) विधिवत अभिप्रमाणित प्रतियां, (ii) संवर्ग स्वीकृति (सीसी), सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र (आईसी), सतर्कता स्वीकृति (वीसी) तथा पिछले दस वर्षों के दौरान लगाए गए बड़ी/छोटी शास्ति (एमएमपी) और न्यायालयीन मामलों, यदि कोई हों, का विवरण, मूल रूप में, सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित एवं मुहर सहित, उचित माध्यम से अग्रेषित किया जाना चाहिए, ताकि आवेदन इस परिपत्र के 'रोजगार समाचार' में प्रकाशित होने की तारीख से 45 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को प्राप्त हो जाए।** आवेदन अग्रेषित करते समय यह सुनिश्चित किया जाए कि अभ्यर्थियों के विवरण का सत्यापन कर लिया गया है, वे पात्रता की शर्तें पूरी करते हैं तथा आवश्यक दस्तावेज आवेदन के साथ संलग्न हैं।

नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले अथवा अपेक्षित दस्तावेजों के बिना प्राप्त होने वाले या अन्यथा अपूर्ण पाए जाने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि उक्त रिक्ति का व्यापक प्रचार-प्रसार करें।

(मदन लाल मीना)
अवर सचिव, भारत सरकार

**प्रतिलिपि:**

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों को, अपने नियंत्रणाधीन संबद्ध कार्यालयों, अधीनस्थ कार्यालयों, स्वायत्त निकायों तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में परिचालन हेतु।
2. उन सभी राज्य सरकारों तथा संघ राज्य क्षेत्रों के स्वास्थ्य सचिवों को, जिनके अधीन आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी विभाग हैं।
3. डीजीएचएस (ओ. एंड एम.) अनुभाग को 5 अतिरिक्त प्रतियों सहित।
4. सचिव, संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), नई दिल्ली।
5. प्रभारी निदेशक, भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी भेषजसंहिता आयोग (पीसीआईएम एंड एच), गाजियाबाद।
6. सभी राज्य औषधि प्रयोगशालाएं (एचपीएल)।
7. सहायक मीडिया कार्यकारी, विज्ञापन अनुभाग-IV, विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय, फेज-VI, सूचना भवन, सी.जी.ओ. कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 से अनुरोध है कि उक्त परिपत्र को 'रोजगार समाचार' में प्रकाशित कराने की कृपा करें तथा प्रकाशित विज्ञापन की एक प्रति कृपया इस विभाग को भेजें।
8. एनआईसी, आयुष मंत्रालय से अनुरोध है कि उक्त परिपत्र को मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करने की कार्रवाई करें।

**प्रपत्र**

**पीआईसीएम एंड एच में प्रतिनियुक्ति के आधार पर निदेशक (भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी भेषजसंहिता आयोग) के पद के लिए आवेदन जिसमें अल्पकालिक अनुबंध भी शामिल है**

1. नाम एवं पता:
   (बड़े अक्षरों में)

2. जन्म तिथि:
   (ईसवी सन्)

3. सेवानिवृत्ति की तिथि( संबंधित नियमों के अधीन):

4. शैक्षणिक योग्यता:

5. क्या पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक एवं अन्य आवश्यक योग्यताएँ पूरी करते हैं?

| अपेक्षित शैक्षणिक योग्यता/अनुभव | | अधिकारी द्वारा धारित शैक्षणिक योग्यता/अनुभव |
|---|---|---|
| अनिवार्य: | 1) | |
| | 2) | |
| | 3) | |
| | 4) | |
| वांछनीय: | 1) | |
| | 2) | |
| | 3) | |

कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि क्या आपके द्वारा ऊपर दी गई प्रविष्टियों के आलोक में, आप पद की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं।

6. यदि नीचे की जगह अपर्याप्त हो, रोजगार का विवरण, कालानुक्रम में, विधिवत स्व-प्रमाणित पृथक शीट संलग्न करें,

| अधिकारी/संस्थान संगठन | वर्तमान पद | से | तक | वेतनमान और अंतिम मूल वेतन (वेतन मैट्रिक्स में वेतन स्तर) | कार्यों की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

7. वर्तमान नियुक्ति की प्रकृति अर्थात् तदर्थ/अस्थायी/अर्ध-स्थायी/स्थायी

8. यदि वर्तमान नियुक्ति प्रतिनियुक्ति/अनुबंध के आधार पर है, तो कृपया बताएं

(क) प्रारंभिक नियुक्ति की तिथि

(ख) प्रतिनियुक्ति/अनुबंध पर नियुक्ति की अवधि

(ग) संबंधित मूल कार्यालय/संगठन का नाम

9. वर्तमान नियुक्ति के बारे में अतिरिक्त विवरण कृपया बताएं कि किस के अधीन कार्य कर रहे हैं:

क) केंद्र सरकार

ख) राज्य सरकार

ग) संघ राज्य क्षेत्र

घ) सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम

ङ) स्वायत्त निकाय

च) सांविधिक संगठन

छ) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय

ज) अनुसंधान संस्थान

10. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हां, तो वह तारीख बताएं जिस तिथि को संशोधन हुआ और पूर्व संशोधित वेतनमान भी बताएं

11. वर्तमान में आहरित कुल मासिक परिलब्धियाँ

12.अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो जिसे आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लेख करना चाहते हैं। यदि स्थान अपर्याप्त है, तो एक अलग शीट संलग्न करें।

13.क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित हैं?

पता:..............................

टिप्पणी

**<u>घोषणा पत्र</u>**

मैं, एतदद्वारा सत्यनिष्ठापूर्वक घोषणा करता हूं और वचन देता हूं कि मेरे द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त सभी जानकारी/विवरण मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य, सही और पूर्ण हैं। मैं वचन देता हूं कि यदि चयन के किसी भी चरण में, या चयन के बाद भी, मेरे द्वारा दी गई कोई भी जानकारी असत्य, गलत या भ्रामक पाई जाती है, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति/सेवाएं बिना कोई कारण बताए रद्द/समाप्त कर दी जाएगी।

हस्ताक्षर_________________

अभ्यर्थी का नाम_______________

स्थान___________________

दिनांक___________________

**<u>प्रमाणपत्र/दस्तावेज़ आवेदक के कार्यालय प्रमुख द्वारा दिए जाने हैं</u>**

1. यह प्रमाणित किया जाता है कि अधिकारी द्वारा प्रस्तुत किए गए विवरण सही हैं।
2. यह प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक के विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक/सतर्कता मामला या तो लंबित नहीं है या विचाराधीन नहीं है और वे सतर्कता की दृष्टि से बेदाग हैं।
3. यह प्रमाणित किया जाता है कि पिछले 10 वर्षों के दौरान इस पर कोई बड़ी/छोटी शास्ति नहीं लगाई गई है।
4. अधिकारी की सेवा के रिकॉर्ड की सावधानीपूर्वक जांच की गई है और यह प्रमाणित किया गया है कि उनकी सत्यनिष्ठा संदेह से परे है।

5. इस कार्यालय को कोई आपत्ति नहीं है और आवेदक को **भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी भेषजसंहिता आयोग (पीसीआईएम एंड एच),** गाजियाबाद के निदेशक के पद के लिए चयन के परिणामस्वरूप तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

6. पिछले 5 वर्षों के लिए एपीएआरएस/एसीआर की फोटोकॉपी प्रत्येक पृष्ठ पर उचित सत्यापन (अवर सचिव के पद से नीचे नहीं) के साथ संलग्न है।

तारीख:_________________

हस्ताक्षर_____________

स्थान:________________

नाम:___________________________

पदनाम:________________________

संगठन का नाम___________________

**<u>कार्यालय की मुहर</u>**

*****

--

Government of India
Ministry of Ayush
Ayush Bhawan, B- Block,
GPO Complex, INA, New Delhi-1100236

Dated:25/09/2026

## VACANCY CIRCULAR

**Subject:- Recruitment to one (01) post of Director, Pharmacopoeia Commission for Indian Medicine & Homeopathy (PCIM&H) Ghaziabad (General Central Service, Group 'A', Gazetted Non-Ministerial) in Pay Matrix Rs.1,44,200-2,18,200/-, Level-14 for Pharmacopoeia Commission for Indian Medicine & Homoeopathy (PCIM&H) Ghaziabad by deputation including short term contract.**

Applications are invited in the enclosed proforma for the post of Director, Pharmacopoeia Commission for Indian Medicine and Homoeopathy (PCIM&H), Ghaziabad (General Central Service, Group 'A', Gazetted Non-Ministerial) in Pay Matrix Rs. 1,44,200-2,18,200/-, Level -14 for Pharmacopoeia Commission for Indian Medicine and Homoeopathy (PCIM&H), Ghaziabad by deputation including short term contract.

**Eligibility**

**For Deputation (Including Short Term Contract):**

Officers under the Central Government or State Governments or Union Territories Administrations or Statutory Bodies or Public Sector Undertakings or Autonomous Bodies or Universities or Recognized Research Institutions:

(a) (i) Holding analogous posts on regular basis in the parent cadre or Department; Or

(ii) With two years' regular service in posts in the Pay Level-13A (Rs.131100-216600) in the Pay Matrix in the parent cadre or Department; Or

(iii) With Three years' regular service in posts in the Pay Level-13 (Rs.123100-215900) in the Pay Matrix in the parent cadre or Department; And

(b) Possessing the educational qualifications and experience as below:

**Essential**:

(A) (i) Master's degree in Chemistry or Organic Chemistry or Inorganic Chemistry or Pharmaceutical Chemistry or Botany or Pharmacognosy from a recognized University or Institution; or

(ii) Doctorate degree in relevant subject; And

(iii) Published Pharmacopoeial work or Research work in peer reviewed journals or Chapters in books or Record of patent granted or filed; And

(iv) 20 years' experience (after Master's degree) pertaining to (a) Pharmacopoeial work or (b) Quality Control and Standardization or (c) Drug testing or (d) Research in Drugs of Indian Systems of Medicine and/or Homoeopathy or medicinal plants;

Or

(B) (i) M.D. (Ayurveda) in Rasashastra and Bhaishajya Kalpana or Rasashastra or Bhaishajya Kalpana or Dravyaguna or M.D. (Siddha) or M.D. (Unani) or M.D. (Homoeopathy) from a recognized University or Institution; And

(ii) Enrolment in National Medical Register for Indian System of Medicine maintained by the Board of Ethics and Registration for Indian System of Medicine under Section 32 of NCISM Act, 2020 (14 of 2020) or a State Medical Council of Indian System of Medicine constituted under any law for the time being in force in any State or Union Territory for regulating the practice and registration of practitioners of Indian System of Medicine in that State or Union Territory; or

Enrolment in National Medical Register for Homoeopathy maintained by the Board of Ethics and Registration for Homoeopathy under Section 32 of NCH Act, 2020 (15 of 2020) or State Medical Council of Homoeopathy constituted under any law for the time being in force in any State or Union Territory for regulating the practice and registration of practitioners of Homoeopathy;

And

(iii) Published Pharmacopoeial work or Research work in peer reviewed journals or Chapters in books or Record of patent granted or filed;

And

(iv) 20 years' experience pertaining to (a) Pharmacopoeial work or (b) Quality Control and Standardization or (c) Drug testing or (d) Research in Drugs of Indian Systems of Medicine and/or Homoeopathy or medicinal plants.

**Desirable**:

(i) Experience in Administration and finance as Head of any Department or Recognized Scientific Institution or Laboratory or GMP compliant Indian Systems of Medicine and/or Homoeopathy drug industry;

(ii)Co-ordination of activities of different sections of a Pharmacopoeial or Ayurveda or Siddha or Unani or Homoeopathy Quality Control laboratory; or

(iii) Experience of guiding or directing research in the field of specialization.

**Note 1**:- The period of deputation including the period of deputation in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same or some other organisation or department of the Government of India shall ordinarily not exceed five years.

**Note 2**:- The Maximum age limit for appointment by deputation shall be Not exceeding 58 years as on the closing date of receipt of applications.

The Pay and other terms and conditions of the official selected will be governed by the provisions laid down in Government of India.

## LIST OF DUTIES AND RESPONSIBILITES ATTACHED TO THE POST 'DIRECTOR'PCIM&H

1. The 'Director' shall be overall responsible for the proper administration and financial matters.
2. The 'Director' shall be the Chief Scientific and Executive Officer for the maintenance of discipline therein.
3. Director' shall be the 'Head of the Department' and exercise all such powers as prescribed by 'General Finance Rules' and Central Secretariat Manual of Office Procedure and also extant Govt. of India guidelines as amended from time to time.
4. The 'Director' shall be vested with such executive and administrative powers and perform such other duties as may be necessary or incidental to the purpose subject to the delegated or assigned by 'Ministry' time to time.
5. The 'Director' shall be the custodian of the records and such property as the 'Central Government' may commit to his or her charge.
6. The process of selection of members for 'Committees' shall be initiated by the 'Director' who shall pay regard to

A. Balance among members in public service, in academic and research activity and in industry,
B. Representation from different parts of the country.

7. The 'Director' shall act as 'Ex-officio member'/Member Secretary to the position(s) as per these Rules, and/or nominated/notified by 'Central Government'.

The eligible and interested persons may send their application through proper channel in the attached proforma to the undersigned (Under Secretary, Ministry of AYUSH, AYUSH Bhawan, B-Block, GPO Complex, INA, New Delhi-110023). Application must be forwarded along with **(i) Attested copies (on each page) of ACRs for the last five years (ii) Cadre Clearance (CC), Integrity Certificate (IC), Vigilance Clearance (VC) and details of Major/Minor penalty (MMP) imposed during last ten years and details of Court Cases, if any, in original, duly signed & stamped by "competent Authority through proper channel so as to reach the undersigned within 45 days from the date of publication of this circular in the 'Employment News'.** While forwarding the application, it may be ensured that the particulars of the candidates are verified and that they fulfil the eligibility conditions and the required documents are enclosed with the applications.

Applications received after the due date or without the required documents or otherwise found incomplete will not be considered.

All the Ministries/Department are requested to give wide publicity to this vacancy.

Digitally signed by
Madan Lal Meena
Date: 25-09-2026
13:27:22

(Madan Lal Meena)
Under Secretary to the Govt. of India

To

1. All the Ministries/Departments of Govt. of India for circulation in attached/Subordinate/autonomous/public sector organization under their control.
2. All Health Secretaries of State Govt. UTs having Dept. Of Ayurveda, Yoga & Naturopathy, Unani, Siddha and Homoeopathy.
3. DGHS (O&M) Section with 5 spare copies.
4. Secretary, UPSC, New Delhi
5. Director I/C Pharmacopoeia Commission for Indian Medicine & Homoeopathy (PCIM&H), Ghaziabad for placing the vacancy circular on the web-site of PCIM&H and also publishing in two national dailies of UP State.
6. All State Drugs Laboratories (HPL).
7. Asstt. Media Executive, Advertising Section-IV, Directorate of Advertising & Visual Publicity, Phase VI, Soochna Bhawan, C.G.O Complex, Lodhi Road, New Delhi-110003. It is requested that the circular maybe published in the Employment News and a copy of the advertisement my kindly be sent to this Department.
8. NIC, Ministry of AYUSH with the request to upload the circular in the Ministry's website.

## PROFORMA

**APPLICATION FOR THE POST OF DIRECTOR (PARMACOPEIA COMMISION FOR INDIAN MEDICINE AND RRESEARCH) IN PICM&H ON DEPUTATION INCLUDING SHORT-TERM CONTRACT**

1. Name and Address :
   (In Block letter)

2. Date of Birth:
   (In Christian Era)

3. Date of retirement ( Under relevant rules):
4. Educational Qualification :
5. Weather educational and other qualifications required for the post are satisfied.

| Qualification/ Experience Required | Qualification/ Experience Possessed by the Officer |
|---|---|
| Essential: 1) | |
| 2) | |
| 3) | |
| 4) | |

Desirable: 1)
2)
3)

Please state clearly whether in the light of entries made
By you above, you meet the requirements of the post.

6. Details of Employment, in chorological order, Enclose separate sheet, duly authenticated by your signature, if the space below in insufficient.

| Officer/Institution Organization | Post Held | From | To | Scale of Pay & Last Basic Pay (Pay Level in the Pay matrix) | Nature of Duties |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

7. Nature of present employment i.e. Whether ad-hoc/temporary/Quasi-Permanent/Permanent

8. In case the present employment is held on deputation/contract basis, please state.

a. The date of initial appointment
b. Period of appointment on deputation/ contract
c. Name of the parent office/organisation to which you belong

9. Additional details about present employment Please state whether working under:

a. Central Government
b. State Government
c. Union Territory
d. Public Sector Undertakings
e. Autonomous Bodies
f. Statutory Organisation
g. Recognized University
h. Research Institute

10. Are you in Revised Scale of Pay? If yes, give the date from which the revision took place and also indicate the pre-revised scale

11. Total emoluments per month now drawn
12. Additional information, if any which you would like to mention in support of your suitability for the post. Enclose a separate sheet, if the space

is insufficient

13. Whether belongs to SC/ST/OBC

Address:..............................

Remarks

## DECLARATION

I, hereby solemnly declare and undertake that all the above information/statements furnished by me are true, correct and complete to the best of my knowledge and belief. I, undertake that if at any stage of selection, or even after selection, any of the information furnished by me is found to be false, incorrect or misleading then my candidature/appointment/services will stand cancelled/terminated without assigning any reason there for.

Signature_______________
Name of Candidate_____________

Place_________________
Date_________________

## CERTIFICATE/DOCUMENTS TO BE GIVEN BY HEAD OF OFFICE OF THE APPLICANT

1. It is certified that the particulars furnished by the official are correct.

2. It is certified that no disciplinary/vigilance case is either pending or contemplated against the applicant and he/she is clear from the vigilance angle.

3. It is certified that no major/minor penalty has been imposed on him/her during the last 10 years.

4. The record of service of the official has been carefully scrutinized and it is certified that there is no doubt about his/her integrity.

5. This office has no objection and the applicant will be immediately relieved consequent upon his/her selection for the post of Director, **PHARMACOPOEIA COMMISSION FOR INDIAN MEDICINE AND RESEARCH (PCIM&H), GHAZIABAD.**

6. The photocopies of APARS/ACRs for the last 5 years, with due attestation (not below the rank of Under Secretary) on each page, are enclosed.

Date:_______________
Signature____________
Place:______________

Name:____________________________
Designation:______________________
Name of organization_________________

**OFFICE SEAL**

*****